टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड
THDC INDIA LIMITED
(अनुसूची 'ए' , मिनी रत्न , पीएसयू )
(Schedule 'A', Mini Ratna PSU)


Great Place To Work. Certified

# गंगावतरणम्
# GANGAVATARANAM

टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड की गृह पत्रिका







दिसंबर, 2024



**मुख्य संरक्षक**
**श्री आर. के. विश्नोई**
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

**संरक्षक**
**श्री शैलेन्द्र सिंह**
निदेशक (कार्मिक)

**संपादक**
**डॉ. ए. एन. त्रिपाठी**
महाप्रबंधक
(मा. सं. एवं प्रशा. एवं जनसंपर्क)

**उप संपादक**
**डॉ. काजल परमार**
सहायक प्रबंधक (जनसंपर्क)

**विशिष्ठ सहयोग**
**श्री पंकज कुमार शर्मा**
उप प्रबंधक (राजभाषा)

**सहायक संपादक**
**श्री ईशान भूषण**
सहायक प्रबंधक (जनसंपर्क)

**समन्वयक**

**टिहरी**
**श्री मनबीर सिंह नेगी**
प्रबंधक (जनसंपर्क)

**कोटेश्वर**
**श्री आर. डी. मंमगाई**
उप प्रबंधक (जनसंपर्क)

**कौशांबी**
**श्री के. सूर्या मौली**
सहायक प्रबंधक (मा.सं एवं प्रशा.)

**खुर्जा**
**श्री प्रभात कुमार**
सहायक प्रबंधक (जनसंपर्क)

**पीपलकोटी**
**श्री यतवीर सिंह चौहान**, प्रबंधक(जनसंपर्क)
व **श्री अविनाश कुमार**
सहायक प्रबंधक (जनसंपर्क)

**ऋषिकेश**
**श्री अभिषेक तिवारी**
जनसंपर्क अधिकारी

## CONTENTS

1. CMD's New Year Message — 3.

2. Tehri Water Sports Cup 2024 — 5.

3. THDCIL bagged Gold and Silver in ICPSU Badminton Tournament & Hindi Workshop at KSTPP — 6.

4. THDCIL and REC signed MoU for High Performance Water Sports Academy — 7.

5. KSTPP achieved significant milestone — 8.

6. THDC received winner of "India's Best Hydropower Project Enterprise (Storage Hydropower & Development of PSPs)" & Mock Drill at KSTPP organized — 9.

7. THDC received first prize for 'PR in Action' at PRSI Conference & HRD corner — 10.

8. Ladies Club — 11.

9. Retirement — 12.



**अमृतत्वस्य तु नाशास्ति वित्तेन।**
**Immortality cannot be achieved by wealth.**

# अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक महोदय का नववर्ष संदेश



टीएचडीसी परिवार के मेरे प्रिय सदस्यों,

नव वर्ष 2025 की आपको एवं आपके परिवार को हार्दिक शुभकामनाएँ। मैं कामना करता हूँ कि यह वर्ष आप सभी के लिए सौभाग्यशाली रहे। नूतन वर्ष न केवल उत्सव का, बल्कि अपने सपनों को नई उड़ान देने और भविष्य के लिए मजबूत नींव रखने का नया अवसर होता है। मेरा मानना है कि नूतन वर्ष हमारे लिए बीते हुए वर्ष की उपलब्धियों से प्रेरणा लेने और नए लक्ष्यों को प्राप्त करने का एक अद्भुत एवं सुनहरा अवसर प्रदान करता है।

साथियों, टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड के ध्येय “विद्युत उत्पादन हमारी कटिबद्धता... समाज का विकास हमारी प्रतिबद्धता” को हम चरितार्थ करते हुए अब वर्ष 2025 में प्रवेश कर चुके हैं। साथियों, टीएचडीसी में हमारा लक्ष्य ऊर्जा उत्पादन में वृद्धि करने के साथ-साथ यह भी सुनिश्चित करना है कि निगम सतत विकास और समाज की उन्नति में महत्वपूर्ण योगदान देने में निरंतर कार्यशील रहे।

हमारी स्वर्ण यात्रा, जो वर्ष 1988 में एक सार्वजनिक लिमिटेड कंपनी के रूप में प्रारंभ हुई थी, आज 1587 मेगावाट की कुल संस्थापित क्षमता के साथ नई ऊँचाइयों पर पहुँच चुकी है। तबसे लेकर आज तक, हमारा उद्देश्य राष्ट्रीय ऊर्जा सुरक्षा को सशक्त बनाना, नवीकरणीय ऊर्जा की दिशा में प्रयास करना और समाज के लिए स्थिर और लाभकारी योगदान प्रदान करना रहा है, जिसे हमने निष्ठापूर्वक पूरा किया है। हमारी विशाल कार्य योजनाओं में हाइड्रो, थर्मल, पवन और सौर ऊर्जा आदि शामिल हैं, जो पर्यावरण के अनुकूल प्रगति की राह को प्रशस्त कर रही हैं। हमारी यह निरंतर कोशिश है कि हम हरित ऊर्जा के क्षेत्र में सशक्त समाधान प्रदान करते रहें, जिससे हम देश की उन्नति में अपना महत्वपूर्ण योगदान देते रहेंगे।

टीएचडीसी ने हमेशा से ही विकास की नई परिभाषा लिखी है। वर्ष 2024 में हम सभी ने मिलकर कई बड़ी उपलब्धियाँ निगम के नाम दर्ज की हैं, जो न केवल हमारे संगठन के लिए, बल्कि देश के ऊर्जा क्षेत्र के लिए भी उपलब्धि साबित हुई हैं। हमारे संयुक्त प्रयासों से ही, हमारी महत्वकांक्षी 1320 मेगावाट की खुर्जा सुपर थर्मल विद्युत परियोजना के सभी निर्माण कार्य अपने अंतिम चरण में पहुँच चुके हैं।

यह परियोजना उत्तर भारत की ऊर्जा जरूरतों की पूर्ति में निगम के योगदान को रेखांकित करने के लिए तैयार है। साथ ही 1000 मेगावाट की टिहरी पम्प स्टोरेज परियोजना की भी जल्द ही कमिशनिंग की जाएगी। मुझे यह भी साझा करते हुए हर्ष हो रहा है कि हमारी परियोजनाएं अपने वाणिज्यिक परिचालन की तिथि (सीओडी) के करीब पहुंच रही हैं। चालू होने के पश्चात ये परियोजनाएं ऊर्जा उत्पादन क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि करेंगी, जिससे भारत की ऊर्जा आवश्यकताओं में योगदान मिलेगा। इसी प्रकार हमारी अन्य परियोजनाओं में शामिल हमारे सौर पार्क स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र में देश को नई शक्ति प्रदान करेंगे। इसके साथ ही, मैं बताना चाहता हूँ कि हमारी 444 मेगावाट की विष्णुगाड-पीपलकोटी जलविद्युत परियोजना, कठिन हिमालयी क्षेत्र में भौगोलिक और पारिस्थितिकीय चुनौतियों का सामना करने के बावजूद भी प्रगति के पथ पर अग्रसर है, जो पारंपरिक जल विद्युत उत्पादन के क्षेत्र में हमारे प्रयासों का प्रतीक है।

टीएचडीसी की परामर्श शाखा "जल संसाधन इंजीनियरिंग और उच्च-स्तरीय इंजीनियरिंग सेवा" व्यापक इंजीनियरिंग समाधान प्रदान करते हुए केंद्र और राज्य सरकार के विभागों के साथ-साथ अन्य वैधानिक निकायों को अपनी पेशेवर विशेषज्ञता प्रदान कर रही है।

पिछले तीन वर्षों में 400 से अधिक विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) प्रस्तुत की गई हैं। हमारे संगठन ने देश भर में सरकारी एजेंसियों के साथ कई समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर भी हस्ताक्षर किए हैं, जिससे इसकी पहुंच में काफी विस्तार हुआ है। पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान, परामर्श सेवाओं ने लगभग ₹30 करोड़ का राजस्व अर्जित किया है।





निगम के विशिष्ट व्यावसायिक उद्देश्यों को पूरा करने के लिए, मानव संसाधन विभाग की ओर से की जाने वाली पहलें संगठन की सफलता में निरंतर योगदान दे रही हैं। निगम की कार्मिक नीतियां, निगम के विजन-मिशन को पूरा करने और कॉरपोरेट संस्कृति को मज़बूत करने के प्रति हमेशा प्रतिबद्ध हैं। भारत के माननीय उपराष्ट्रपति महोदय द्वारा टीएचडीसी को स्कोप बेस्ट एचआर प्रैक्टिसेस अवॉर्ड से सम्मानित किया जाना निगम के प्रबंधन की उत्कृष्ट कार्मिक नीतियों एवं पहलों का ही परिणाम है। साथ ही, ग्रेट प्लेस टू वर्क अवॉर्ड भी इसी बात का परिचायक है। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार कर्मचारी हितैषी नीतियों को बढ़ावा देने के प्रति प्रबंधन की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह सहायक कार्य वातावरण प्रदान करने के लिए हमारे समर्पण को रेखांकित करता है, जहाँ कर्मचारी नवाचार कर सकें और नई ऊँचाइयाँ प्राप्त कर सकें।
इसके अलावा, पर्यावरणीय जागरूकता और सामाजिक दायित्व के लिए अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष निगम को ग्रीन इनोवेशन अवॉर्ड, राजभाषा नीति के श्रेष्ठ कार्यान्वयन के लिए राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा राजभाषा कीर्ति पुरस्कार, पीएसयू लीडरशिप एंड एक्सीलेंस अवॉर्ड, भारत का सर्वश्रेष्ठ जलविद्युत परियोजना उद्यम (भंडारण जलविद्युत और पीएसपी का विकास) और पीआर इन एक्शन जैसे अनेक सम्मान प्राप्त हुए हैं, जो हमारी कठिन मेहनत और समर्पण की पहचान हैं। साथियों, आज के विद्युत परिदृश्य में टीएचडीसी का नाम देश की उच्च ऊर्जा कंपनियों में लिया जाता है, यह सफलता आपके निरंतर प्रयासों के बिना संभव नहीं हो सकती है। आप सभी टीएचडीसी परिवार का एक अहम हिस्सा हैं और आपकी सहभागिता ने ही हमारे संगठन को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया है।
निगम के प्रशिक्षण सेंटर- तक्षशिला के सतत आजीविका एवं सामुदायिक विकास केंद्र से तो आप सभी भलीभाँति अभिभूत ही हैं, मैं आप सभी को बताना चाहता हूँ कि हम अपने एचआरडी सेंटर को “उत्कृष्टता का केंद्र” बनाने के लिए ठोस कदम उठा रहे हैं । टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड राष्ट्र को सस्ती 24x7 बिजली उपलब्ध कराने की अपनी अटूट प्रतिबद्धता में उन्नत प्रशिक्षण पद्धतियों और मानव संसाधन की सहायता के माध्यम से सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) में परिवर्तन को भी उत्प्रेरित कर रहा है।
गत वर्षों की भांति, वर्ष 2024 में भी हमने टिहरी वाटर स्पोर्ट्स कप- तीसरे एडिशन का सफलतापूर्वक आयोजन टिहरी जलाशय में किया। जिसमें देशभर से 22 राज्यों और सर्विसेज़ के 500 से अधिक एथलीट्स और खिलाड़ियों ने जोश और उत्साह के साथ प्रतिभागिता की। इस तरह की खेल गतिविधियों का आयोजन न केवल राज्य और टिहरी जलाशय को ख्याति प्रदान कराता है अपितु निगम को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पटल पर खेल क्षेत्र में नई पहचान भी दिलाता है।
नूतन वर्ष 2025 का हमारा लक्ष्य और बड़ी सफलताओं को हासिल करना एवं बुलंदियों पर पहुंचना है। टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड की ओर से, मैं आप और आपके परिवार को नववर्ष 2025 की पुनःहार्दिक शुभकामनाएँ देता हूँ। मैं कामना करता हूँ कि आने वाला वर्ष आपके जीवन में नई ऊर्जा, नई प्रेरणा और नई ऊंचाइयां लेकर आए।

"सर्वे भवन्तु सुखिनः, सर्वे सन्तु निरामयाः।
सर्वे भद्राणि पश्यन्तु, मा कश्चिद्दुःखभाग्भवेत्॥”

हम सभी को सुख, शांति और अच्छा स्वास्थ्य मिले। हमारा जीवन हर बुराई और कठिनाइयों से मुक्त होकर, एक खुशहाल और संतुष्ट जीवन की ओर अग्रसर हो । नया वर्ष केवल एक नए समय की शुरुआत मात्र नहीं है, बल्कि हमें जीवन में नई दिशा और सकारात्मक परिवर्तन का अवसर भी देता है।
आशा है कि यह श्लोक हम सभी को प्रेरित करेगा और यह नूतन वर्ष हम सभी के साथ-साथ राष्ट्र के लिए भी सफलता और समृद्धि लेकर आएगा।

धन्यवाद!
जय हिन्द! जय भारत!

(आर. के. विश्नोई)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

## टिहरी वाटर स्पोर्ट्स कप 2024 का टीएचडीसी ने किया सफलतापूर्वक आयोजन, समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए उत्तराखंड के माननीय मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी






टीएचडीसी के तत्वावधान में टिहरी झील में तीसरे टिहरी वाटर स्पोर्ट्स कप 2024 का 10 दिसंबर, 2024 से 13 दिसंबर, 2024 तक हर्षोल्लास से आयोजन किया गया। इस आयोजन के समापन समारोह में उत्तराखंड के माननीय मुख्यमंत्री, श्री पुष्कर सिंह धामी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। माननीय मुख्यमंत्री ने सभी विजेताओं और प्रतिभागियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी। माननीय मुख्यमंत्री ने लगातार तीसरे वर्ष इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड की सराहना की। इस कार्यक्रम का उद्घाटन 10 दिसंबर, 2024 को उत्तराखंड की माननीय महिला सशक्तीकरण, बाल विकास, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, उपभोक्ता मामले, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री, श्रीमती रेखा आर्य ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

उत्तराखंड के माननीय मुख्यमंत्री ने समापन समारोह के अवसर पर उपस्थित जन-समूह को संबोधित करते हुए टिहरी बांध परिसर के योगदान पर प्रकाश डाला, जो न केवल विद्युत उत्पादन का एक प्रमुख स्रोत है, बल्कि जल क्रीड़ा और पर्यटन के लिए भी एक प्रमुख केंद्र के रूप में भी उभर रहा है। उन्होंने कहा कि टीएचडीसी ने जिस पेशेवर दृष्टिकोण से टिहरी वाटर स्पोर्ट्स कप 2024 का आयोजन किया, उससे यह स्थान सफलता की नई ऊंचाइयों को छूएगा तथा पूरे देश और विश्व का ध्यान अपनी ओर आकर्षित करेगा।

टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्री आर. के. विश्नोई ने उत्तराखंड के माननीय मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी के प्रति टीएचडीसी को हर कदम पर दिए गए सतत सहयोग एवं मार्गदर्शन के लिए आभार व्यक्त किया तथा इस अवसर पर उनकी गरिमामई उपस्थिति के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। श्री विश्नोई ने सभी विजेताओं और प्रतिभागियों को बधाई दी तथा चार दिवसीय इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए टीएचडीसीआईएल के टीम की सराहना की।

कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में श्री शैलेन्द्र सिंह, निदेशक (कार्मिक) उपस्थित रहे | साथ ही प्रतियोगिता के समापन अवसर पर निगम के निदेशक (तकनीकी), श्री भूपेन्द्र गुप्ता उपस्थित रहे |

इस चार दिवसीय चैंपियनशिप के दौरान, देश भर के 22 राज्यों और सेवा संस्थानों की टीमों के 500 से अधिक एथलीटों, प्रशिक्षकों और टीम प्रबंधकों ने 44 कयाकिंग और कैनोइंग स्पर्धाओं में 126 रेस में भाग लिया। इस प्रतियोगिता ने एथलीटों को अपने कौशल का प्रदर्शन करने तथा खेल भावना और एथलेटिक उत्कृष्टता को आगे बढ़ाने के लिए एक सुदृढ़ मंच प्रदान किया। टिहरी वाटर स्पोर्ट्स कप 2024 के समापन कार्यक्रम में श्री शक्तिलाल शाह, माननीय विधायक (धनसाली), श्री किशोर उपाध्याय, माननीय विधायक (टिहरी), श्री राजेश नौटियाल, भाजपा जिलाध्यक्ष, टिहरी गढ़वाल, श्रीमती सोना सजवाण, जिला पंचायत प्रशासक, टिहरी गढ़वाल, श्री आदित्य कोठारी, प्रदेश महामंत्री, उत्तराखंड भाजपा, श्री संजय नेगी, चेयरपर्सन, उत्तराखंड स्टेट कमीशन फॉर ओबीसी, श्री प्रशांत कुशवाहा, अध्यक्ष, आईकेसीए, डॉ. डी. के. सिंह, महासचिव, उत्तराखंड ओलंपिक एसोसिएशन, श्री एल.पी. जोशी, कार्यपालक निदेशक, (टिहरी कॉम्प्लेक्स), टीएचडीसी और डॉ. अमर नाथ त्रिपाठी, महाप्रबंधक (मा.सं. एवं प्रशा) टीएचडीसी उपस्थित रहे।







## टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड की महिला टीम ने लहराया परचम, बैडमिंटन टूर्नामेंट में जीता स्वर्ण व रजत पदक






टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड की महिला टीम ने प्रतिष्ठित 29वें अंतर केंद्रीय विद्युत क्षेत्र उपक्रम बैडमिंटन टूर्नामेंट में स्वर्ण एवं रजत पदक हासिल किया। इस उपलब्धि पर निगम के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्री आर. के. विश्नोई ने टीएचडीसी की महिला टीम को बधाई दी | इस टूर्नामेंट में महिला टीम ने महिला एकल वर्ग और महिला युगल वर्ग में स्वर्ण और महिला टीम स्पर्धा में रजत पदक हासिल किया। नोएडा इंडोर स्टेडियम में 04 से 07 दिसंबर, 2024 तक चले इस टूर्नामेंट का आयोजन भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय के पावर स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड के तत्वावधान में किया गया जिसकी मेजबानी एनटीपीसी लिमिटेड द्वारा की गई। इस टूर्नामेंट में विद्युत क्षेत्र के सभी सार्वजनिक उपक्रमों की टीमों द्वारा हिस्सा लिया गया।

श्री विश्नोई ने कहा कि टीम का दृढ संकल्प, कौशल और टीम वर्क सराहनीय है। मुझे पूरा विश्वास है कि हमारी टीम ऐसे शानदार प्रदर्शन करती रहेगी और भविष्य में और अधिक सफलता हासिल करेगी। निदेशक (कार्मिक), श्री शैलेन्द्र सिंह ने भी महिला टीम की जीत और उनकी कड़ी मेहनत की सराहना करते हुए बधाई दी। उन्होंने सुश्री भावना रावत, वरिष्ठ प्रबंधक द्वारा एकल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने, तथा सुश्री भावना रावत और श्रीमती कृष्णेंदु पीजे, सहायक प्रबंधक द्वारा युगल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने तथा टीम स्पर्धा में रजत पदक जीतने पर टीम टीएचडीसी की सराहना की।

श्री सिंह ने माननीय प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण को दोहराया, जिन्होंने राष्ट्र के आर्थिक विकास में नारी शक्ति की महत्वपूर्ण भूमिका पर लगातार जोर दिया है। टीएचडीसी हमेशा से महिलाओं को सशक्त बनाने तथा खेल एवं संस्कृति जैसे विभिन्न क्षेत्रों में उनकी भागीदारी को प्रोत्साहित करने में अग्रणी रहा है। टीएचडीसी की महिला टीम ने ऋषिकेश स्थित कॉर्पोरेट कार्यालय में निदेशक (कार्मिक) को ट्रॉफी सौंपी। महिला टीम में सुश्री भावना रावत, श्रीमती कृष्णेंदु पीजे, श्रीमती ज्योति मीना, सुश्री वर्षा जोशी, सुश्री जयश्री और सुश्री जागृति हाइमा शामिल थीं।

## खुर्जा परियोजना कार्यालय में हिंदी कार्यशाला सम्पन्न




1320 मेगावाट खुर्जा सुपर थर्मल विद्युत परियोजना कार्यालय में 21 दिसंबर, 2024 को इस सत्र की तृतीय हिंदी कार्यशाला का आयोजित की गई। इस अवसर पर श्री आर.एम.दुबे, महाप्रबंधक (विद्युत) ने आमंत्रित वक्ता श्री प्रेम सिंह, पूर्व संयुक्त निदेशक (राजभाषा विभाग) को शॉल भेंट कर सम्मानित किया। कार्यशाला को दो सत्रों में संचालित किया गया। प्रथम सत्र में प्रतिभागियों को राजभाषा नीति की विस्तृत जानकारी दी गई तथा द्वितीय सत्र में प्रतिभागियों को हिंदी तिमाही रिपोर्ट भरने की जानकारी दी गई।

उक्त कार्यशाला में टीएचडीसी-खुर्जा कार्यालय के कुल 22 अधिकारियों/कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया। कार्यशाला के अंत में श्री कुमार शरद, कार्यपालक निदेशक (परियोजना) ने हिंदी कार्यशाला की विषय वस्तु की समीक्षा करते हुए उपस्थित प्रतिभागियों को खुर्जा कार्यालय में हिंदी के प्रचार-प्रसार तथा हिंदी में काम-काज करने के लिए प्रेरित किया। दोनों सत्रों के पूर्ण होने पर श्री अमरेन्द्र कुमार विश्वकर्मा, उप महाप्रबंधक (मा. सं.) ने कार्यशाला में उपस्थित प्रतिभागियों को हिंदी तिमाही रिपोर्ट को ठीक से भरने एवं समय पर भेजने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। श्री यशवंत सिंह नेगी, कनिष्ठ अधिकारी (हिंदी) ने कार्यशाला का संचालन किया।

## टीएचडीसी और आरईसी के बीच कोटेश्वर हाई-परफॉर्मेंस वाटर स्पोर्ट्स अकादमी के लिए समझौता ज्ञापन पर हुआ हस्ताक्षर



खेल विकास के क्षेत्र में एक बड़ा कदम उठाते हुए, टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड और आरईसी लिमिटेड ने उत्तराखंड स्थित कोटेश्वर हाई-परफॉर्मेंस वाटर स्पोर्ट्स अकादमी में ओलंपिक आकार के स्विमिंग पूल के निर्माण के लिए ₹4 करोड़ की वित्तीय सहायता के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर 14 दिसंबर, 2024 को हस्ताक्षर किए। यह सहयोग टीएचडीसी की भारत में विश्वस्तरीय खेल सुविधाएं विकसित करने की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। यह समझौता ज्ञापन आरईसी के सीएमडी, श्री विवेक कुमार देवांगन, टीएचडीसीआईएल के निदेशक (कार्मिक), श्री शैलेंद्र सिंह और आरईसी के निदेशक (वित्त) श्री हर्ष बावेजा, की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

टीएचडीसी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्री आर. के. विश्नोई ने इस महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर होने पर शुभकामनाएं दी। निगम अपनी सीएसआर गतिविधियों के माध्यम से देश के समग्र सामाजिक-आर्थिक विकास में योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध है। कोटेश्वर हाई-परफॉर्मेंस वाटर स्पोर्ट्स अकादमी में ओलंपिक आकार के पूल की स्थापना निगम की खेल प्रतिभाओं को निखारने और जल क्रीड़ा में उत्कृष्टता को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता का एक उदाहरण है।"

टीएचडीसी के निदेशक (कार्मिक), श्री शैलेंद्र सिंह ने कहा, “आरईसी के साथ यह सहयोग कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व और सामुदायिक जुड़ाव में नए मानदंड स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। ओलंपिक आकार का पूल न केवल राष्ट्रीय प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करेगा बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए एथलीट्स को तैयार करने में भी मदद करेगा। सीएसआर गतिविधियों के अंतर्गत खेलों में इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास, प्रशिक्षण में सुधार और कौशल विकास समुदाय के कल्याण को बढ़ावा देने के साथ-साथ एथलीट्स का समर्थन एवं सहयोग करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह करता है।”

इस अत्याधुनिक सुविधा का निर्माण न केवल कोटेश्वर हाई-परफॉर्मेंस वाटर स्पोर्ट्स अकादमी की क्षमताओं को मजबूत करेगा, बल्कि यह जल क्रीड़ा के क्षेत्र में प्रतिभाओं को निखारने का एक प्रमुख केंद्र भी बनेगा । इस प्रकार की सुविधाएं विकसित कर टीएचडीसीआईएल आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित और प्रोत्साहित करने के साथ साथ खेलों के क्षेत्र में उत्कृष्ट संस्कृति के निर्माण का लक्ष्य रखता है। आरईसी की ओर से कार्यकारी निदेशक (सीएसआर), श्री प्रदीप फेलो और टीएचडीसीआईएल की ओर से महाप्रबंधक, श्री अमरदीप ने इस एमओयू पर हस्ताक्षर किए।

## भूटान की प्रमुख जलविद्युत उत्पादन कंपनी के कर्मचारियों ने वीपीएचईपी का दौरा किया



भूटान की प्रमुख जलविद्युत उत्पादन कंपनी, द्रुक ग्रीन पावर कॉर्पोरेशन (डीजीपीसी) के आठ अधिकारियों के एक विशेष प्रतिनिधिमंडल ने टीएचडीसी की निर्माणाधीन 444 मेगावाट विष्णुगाड-पीपलकोटी जलविद्युत परियोजना (वीपीएचईपी) का दौरा किया | इस दौरे का उद्देश्य परियोजना के उन्नत तकनीकी निर्माण, पर्यावरणीय प्रबंधन और प्रगति की जानकारी लेना था। डीजीपीसी, भूटान में जलविद्युत विकास की अग्रणी संस्था है। अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञता का लाभ उठाने और उन्नत तकनीकों को समझने के साथ प्रतिनिधिमंडल ने वीपीएचईपी परियोजना के टनल बोरिंग मशीन (टीबीएम) और नवीन पर्यावरणीय प्रबंधन जैसे उन्नत निर्माण तकनीकों को जांचा। 15 से 18 दिसंबर 2024 तक चले इस दौरे के दौरान, टीएचडीसी के अधिकारियों द्वारा परियोजना के विभिन्न पहलुओं पर प्रस्तुतिकरण दिया गया। प्रतिनिधिमंडल ने प्रमुख स्थलों जैसे भूमिगत पावर हाउस, हेड रेस टनल और हेलंग गांव के पास स्थित बांध स्थल का दौरा किया गया । हिमालय की चुनौतीपूर्ण भौगोलिक परिस्थितियों के बावजूद परियोजना में हुई प्रगति की उन्होंने निगम की सराहना की | प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों में श्रीमती फूब जाम, कार्यकारी अभियंता (सिविल), पीसीडी, श्री तेम्पा शेरिंग, कार्यकारी अभियंता (सिविल), डीजीसी, श्री डेंडुप थारचेन, कार्यकारी अभियंता (सिविल), डीजीसी, श्री पेमा वांगचुक, कार्यकारी अभियंता (सिविल), डीजीसी, श्रीमती गंगा गजमेर, सहायक अभियंता (सिविल), डीजीसी, श्रीमती शेरिंग डेमा, भूवैज्ञानिक, डीजीसी, श्रीमती सोनम शेरिंग डेमा, सहायक अभियंता (सिविल), डीजीसी और श्रीमती दोरजी डेमा, सहायक अभियंता (सिविल), डीजीसी उपस्थित रहे |

## टीएचडीसी ने 1320 मेगावाट खुर्जा एसटीपीपी की यूनिट-1 के सफल पूर्ण-लोड संचालन के साथ ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की






टीएचडीसी ने 1320 मेगावाट खुर्जा एसटीपीपी के कमीशन होने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की। खुर्जा सुपर थर्मल पावर प्रोजेक्ट (केएसटीपीपी) में यूनिट # 1 का पूर्ण भार यानी 660 मेगावाट दिनांक 04 दिसंबर, 2024 को पूर्वाह्न 05.15 बजे सफलतापूर्वक प्राप्त कर लिया गया। इस समय सभी छह कोयला मिलों को चालू कर दिया गया। सभी तकनीकी पैरामीटर स्थिर रहे। यूनिट # 1 के परीक्षण संचालन के दौरान मुख्यधारा के 262.4 किग्रा/सेमी² के दबाव और 603 डिग्री सेल्सियस तापमान पर 664 मेगावाट का अधिकतम भार प्राप्त किया। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के अवसर पर निदेशक (तकनीकी), श्री भूपेंद्र गुप्ता उपस्थित रहे।

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, टीएचडीसी श्री आर. के. विश्नोई ने इस उपलब्धि के लिए खुर्जा एसटीपीपी की पूरी टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा कि सभी ईएसपी क्षेत्र चार्ज हो गए हैं। राख निकासी काफी संतोषजनक है। साथ ही, यूनिट को 05 दिसंबर, 2024 को एफजीडी से जोड़ दिया जाएगा। उसके बाद 07 दिसंबर से वाणिज्यिक संचालन प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। इस बड़ी उपलब्धि के साथ सभी थर्मल सिस्टम स्थापित हो गए हैं और पूर्ण लोड संचालन के लिए उपयुक्त साबित हुए हैं। इसके साथ ही केएसटीपीपी वाणिज्यिक संचालन घोषणा (सीओडी) के लिए आवश्यक अन्य परीक्षण संचालन के लिए तैयार है। यह महत्वपूर्ण उपलब्धि टीएचडीसी द्वारा विद्युत क्षेत्र में अपनी उपस्थिति का विस्तार करने तथा भारत को विद्युत उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के प्रयास में एक महत्वपूर्ण कदम है।

टीएचडीसी के निदेशक (कार्मिक) श्री शैलेन्द्र सिंह ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए खुर्जा टीम की सराहना करते हुए हार्दिक बधाई दी और कहा कि केएसटीपीपी की यूनिट # 1 का पूर्ण लोड रन टीएचडीसीआईएल की अपनी ऊर्जा पोर्टफोलियो को मजबूत करने की प्रतिबद्धता का प्रमाण है और यह वृद्धि इसकी कुल ऊर्जा उत्पादन क्षमता को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाएगी, जो विश्वसनीय और टिकाऊ ऊर्जा समाधान प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है।

इस अवसर के दौरान निदेशक (तकनीकी), श्री भूपेंद्र गुप्ता ने कहा कि इस उपलब्धि के साथ केएसटीपीपी बेस लोड बिजली प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाना शुरू कर देगा, विशेष रूप से चरम मांग अवधि के दौरान और जब नवीकरणीय ऊर्जा संसाधन परिवर्तनशील होते हैं, तब निरंतर और विश्वसनीय विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। श्री गुप्ता ने इस परियोजना को सफल बनाने के लिए कमीशनिंग टीम और इस परियोजना के कार्यपालक निदेशक श्री कुमार शरद के नेतृत्व में कार्य कर रही पूरी केएसटीपीपी टीम को बधाई दी।

टीएचडीसी के निदेशक (वित्त), श्री सिपन कुमार गर्ग ने खुर्जा की पूरी टीम को बधाई देते हुए कहा कि यह उल्लेखनीय उपलब्धि टीएचडीसीआईएल के ऊर्जा पोर्टफोलियो को मजबूती प्रदान करती है। थर्मल पावर में निवेश करने का कंपनी का उद्देश्य बढ़ती ऊर्जा मांगों को पूरा करने के लिए थर्मल ऊर्जा की विश्वसनीय और स्केलेबल प्रकृति का लाभ उठाना है, जिससे अंततः ऊर्जा सुरक्षा प्राप्त होगी।

उल्लेखनीय है कि टीएचडीसीआईएल ने कुछ साल पहले थर्मल पावर सेक्टर में अपने रणनीतिक प्रवेश की घोषणा की थी। यह क्षेत्र अपनी मौजूदा नवीकरणीय संपत्तियों को पूरक बनाता है, साथ ही एक संतुलित और टिकाऊ ऊर्जा पोर्टफोलियो प्रदान करता है जो स्वच्छ प्रौद्योगिकियों में नवाचार जारी रखते हुए निरंतर विद्युत आपूर्ति प्रदान करने में सक्षम है।

साथ ही, टीएचडीसी पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभावों को कम करने और स्वच्छ ईंधन विकल्पों की खोज करने के लिए उन्नत प्रौद्योगिकियों को शामिल कर रहा है, जिससे ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करने में मदद मिलेगी। श्री कुमार शरद, कार्यपालक निदेशक (परियोजना), श्री बी.के.साहू, महाप्रबंधक (ओ एंड एम), श्री ए.के.विश्वकर्मा, उप महाप्रबंधक (एच आर एंड ए), टीएचडीसी के अन्य वरिष्ठ अधिकारी, श्री हरविंदर सिंह, अपर महाप्रबंधक (एनटीपीसी कंसल्टेंसी) के नेतृत्व में एनटीपीसी कंसल्टेंसी टीम और बीएचईएल, एलएमबी और एसटीईएजी जैसे विभिन्न हितधारकों के अधिकारी भी इस महत्वपूर्ण ऐतिहासिक उपलब्धि के अवसर पर उपस्थित थे।

### बधाई संदेश



टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड की टिहरी परियोजना में कार्यरत श्री राजकुमार विराटिया, वरिष्ठ कार्य सहायक (मानव संसाधन विभाग) के सुपुत्र श्री अरुण कुमार विराटिया ने उत्तराखंड अपर पी.सी.एस. 2024 में उत्तीर्ण किया है। टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड सपरिवार इनको बधाई देते हुए इनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता है।



**अमृतत्वस्य तु नाशास्ति वित्तेन।**
**Immortality cannot be achieved by wealth.**





## टीएचडीसी को 17वें प्रकाशमय एनर्शिया पुरस्कार 2024 में "भारत की सर्वश्रेष्ठ जलविद्युत परियोजना उद्यम" से सम्मानित किया गया






टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड को 17वें प्रकाशमय एनर्शिया पुरस्कार 2024 में "भारत की सर्वश्रेष्ठ जलविद्युत परियोजना उद्यम (भंडारण जलविद्युत एवं पीएसपी का विकास)" का विजेता चुना गया। भारत और दक्षिण एशिया का यह प्रमुख पुरस्कार सतत ऊर्जा, बिजली और नवीकरणीय ऊर्जा में उत्कृष्टता के लिए प्रदान किया जाता है। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में आयोजित एक भव्य समारोह में सीईए के अध्यक्ष, श्री घनश्याम प्रसाद और भारतीय विद्युत क्षेत्र के प्रसिद्ध विशेषज्ञों की उपस्थिति में प्रदान किया गया।

टीएचडीसी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री आर.के. विश्नोई ने इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए समग्र टीम को हार्दिक बधाई दी। यह पुरस्कार टीएचडीसीआईएल टीम के सामूहिक प्रयासों का ही प्रमाण है और टिकाऊ ऊर्जा समाधान के प्रति कंपनी की अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। इस अवसर पर निदेशक (कार्मिक) श्री शैलेन्द्र सिंह ने इस प्रतिष्ठित सम्मान के लिए पूरी टीम को बधाई देते हुए कहा कि यह उनकी अटूट प्रतिबद्धता, सामूहिक प्रयास और सतत ऊर्जा में टीएचडीसीआईएल की उत्कृष्टता की निरंतरता का एक प्रमाण है। यह महत्वपूर्ण उपलब्धि सतत भविष्य के लिए अभिनव, हरित ऊर्जा समाधान प्रदान करने के कंपनी के मिशन को आगे बढ़ाने में टीएचडीसी में कार्यरत प्रत्येक व्यक्ति के समर्पण को दर्शाती है। निदेशक (तकनीकी) श्री भूपेन्द्र गुप्ता ने कमीशन की गई परियोजनाओं के संचालन के दौरान तकनीकी चुनौतियों पर सफलता प्राप्त करने एवं विशेष रूप से ग्रिड के लिए भारत की पहली वैरिएबल-स्पीड पीएसपी इकाई के सफल सिंक्रनाइज़ेशन के लिए समग्र टीम की सराहना की। साथ ही निदेशक (वित्त) श्री सिपन कुमार गर्ग ने भी पूरी टीम को बधाई देते हुए कहा कि यह सम्मान टीएचडीसी की सतत ऊर्जा के विकास तथा हरित भविष्य के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र श्री एल.पी.जोशी, कार्यकारी निदेशक (टिहरी कॉम्प्लेक्स) को प्रदान किया गया। श्री जोशी ने आभार व्यक्त करते हुए टिहरी पावर कॉम्प्लेक्स टीम की प्रतिबद्धता की प्रशंसा की। टीएचडीसी की ओर से यह पुरस्कार श्री सी. एस. राणा, सहायक महाप्रबंधक (टिहरी पीएसपी) और श्री आशीष ममगाईं, उप महाप्रबंधक (टिहरी पीएसपी) ने ग्रहण किया। इस पुरस्कार समारोह में टीएचडीसी की टीम ने टिहरी पीएसपी परियोजना का अवलोकन प्रस्तुत किया।

## खुर्जा परियोजना में मॉक ड्रिल का किया गया आयोजन



1320 मेवा निर्माणाधीन खुर्जा सुपर थर्मल विद्युत परियोजना में 09 दिसंबर, 2024 को आग लगने पर बचाव हेतु सुरक्षा संबंधित मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। 1320 मेगावाट की इस थर्मल परियोजना में एलडीओ (लाइट डीजल ऑयल) स्टोरेज टैंक की मौजूदगी सुरक्षा के दृष्टिकोण से एक संवेदनशील मामला है। 2,000 किलोलीटर कुल क्षमता वाले टैंक में अग्नि दुर्घटना से बचाव हेतु ऑनसाइट मॉकड्रिल का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर खुर्जा परियोजना के कार्यपालक निदेशक, श्री कुमार शरद ने सभी को अवगत कराया कि एलडीओ टैंक में अग्नि दुर्घटना होने पर इसमें लगा ऑटोमैटिक सिस्टम अपने-आप कार्य करने लगेगा जिसमें मौजूद फोम एवं वाटर स्प्रिंकलर सिस्टम आग पर तुरंत काबू कर लेगा। उन्होंने बताया कि अग्नि दुर्घटना होने की स्थिति से निपटने के लिए हमारे पास चार फायर टेंडर (वाटर टाइप, फोम टाइप, डीसीपी टाइप एवं फायर जीप विद ट्रेलर पंप) भी हैं जिससे हम किसी भी अग्नि दुर्घटना पर नियंत्रण कर सकते हैं।

इस अवसर पर श्री कुमार शरद (कार्यपालक निदेशक), श्री अनिल त्यागी (एजीएम), श्री शैलेश ध्यानी (एजीएम), श्री मुकुल शर्मा (एजीएम), श्री ईश्वर दत्त तिग्गा (एजीएम), श्री विजय बिष्ट (डीजीएम), श्री अमरेन्द्र विश्वकर्मा (डीजीएम), श्री वाई एस नेगी, उप प्रबंधक (सुरक्षा), श्री एचएस चौहान, अभियंता (सुरक्षा), श्री प्रवीण तिवारी (क्षेत्र अधिकारी), फायर टीम, प्लांट की सिक्यूरिटी टीम, मेडिकल टीम एवं सुरक्षा विभाग की पूरी टीम उपस्थित रही।

## टीएचडीसी जनसंपर्क के क्षेत्र में किए गए कार्यों के लिए प्रथम पुरस्कार से सम्मानित



टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड को संचार रणनीतियों में उल्लेखनीय कार्य के लिए प्रतिष्ठित "जनसंपर्क के क्षेत्र में प्रथम पुरस्कार" से सम्मानित किया गया। टीएचडीसी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्री आर. के. विश्नोई ने निगम की इस उपलब्धि पर कहा कि "टीएचडीसी हमेशा अपनी ब्रांड इमेज और संचार रणनीतियों को बढ़ाने में सक्रिय रहता है। हमारे ब्रांडिंग के प्रयास राष्ट्र को 24X7 किफायती बिजली उपलब्ध कराने के मिशन के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाते हुए सार्वजनिक क्षेत्र में अपनी छाप छोड़ने के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। यह पुरस्कार प्रगति और नवाचार के प्रति निगम के समर्पण का ही एक प्रमाण है और हमारा लक्ष्य सभी मोर्चों पर उत्कृष्टता के साथ आगे बढ़ना है।" श्री विश्नोई ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में टीएचडीसी ने संगठन की सक्रिय ब्रांडिंग और प्रचार के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। इन पहलों में पारंपरिक और नई मीडिया पद्धतियों का समावेश किया गया है।

टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड के निदेशक (कार्मिक), श्री शैलेन्द्र सिंह ने इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा कि टीएचडीसी में जनसंपर्क पर हमारा ध्यान हमेशा विकास और कॉर्पोरेट जिम्मेदारी के प्रति हमारी प्रतिबद्धता के साथ जुड़ा हुआ है। प्रभावी संचार हमारे संगठन की आधारशिला है, जो यह सुनिश्चित करता है कि आंतरिक और बाह्य हितधारक हमारे लक्ष्यों से जुड़े रहें। जनसंपर्क के इस समग्र दृष्टिकोण ने टीएचडीसीआईएल को अधिक दृश्यता प्राप्त करने, संबंधों को मजबूत बनाने और राष्ट्रीय विकास पहलों का समर्थन करने में सहायता की है।"

यह पुरस्कार छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में 46वें राष्ट्रीय जनसंपर्क सम्मेलन के दौरान एक भव्य समारोह में प्रदान किया गया। पिछले कुछ वर्षों में टीएचडीसी ने अपनी दृश्यता और सहभागिता बढ़ाने के लिए पारंपरिक मीडिया को आधुनिक डिजिटल प्लेटफॉर्म के साथ सहजता से एकीकृत किया है। इस राष्ट्रीय सम्मेलन के अवसर पर डॉक्टर अमरनाथ त्रिपाठी, महाप्रबंधक (मा.सं. एवं प्रशासन, केन्द्रीय संचार) को भी जनसंपर्क में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

महाप्रबंधक (मा.सं. एवं प्रशासन, केन्द्रीय संचार) डॉ. अमरनाथ त्रिपाठी ने कहा कि यह सम्मान संगठन की छवि को सुदृढ़ करने और सभी हितधारकों के साथ सार्थक संबंधों को बढ़ावा देने के साथ ही सामूहिक मेहनत एवं समर्पण को दर्शाता है। इस अवसर पर डॉ. काजल परमार, सहायक प्रबंधक (केन्द्रीय संचार) और श्री ईशान भूषण, सहायक प्रबंधक (केन्द्रीय संचार) भी उपस्थित रहे।

## Orientation and Evaluation Program of JETs

**HRD Corner**




The Orientation and Evaluation Program of 61 number of Junior Engineer Trainees (JETs) was held from 30th December 2024 to 03rd January, 2025 at Takshshila Sustainable Livelihood and Community Development Centre, HRD Campus, Rishikesh. The program comprised 04 day orientation module followed by final evaluation of JETs for regularization .

During the orientation, the Junior Engineer Trainees were provided exposure to various functionalities of the organization such as Corporate Planning, Mission, Vision and Values of THDC, HR Policies, Knowledge of Finance Module , etc through classroom sessions provided by Internal Faculties. The 01 week program ended with the final evaluation of the performance of JETs during their training period.



**अमृतत्वस्य तु नाशास्ति वित्तेन।**
**Immortality cannot be achieved by wealth.**

# लेडीज़ क्लब

## लेडीज़ वेलफेयर एसोसिएशन 'तेजस्विनी', ऋषिकेश द्वारा क्रिस्टल वर्ल्ड एम्यूज़मेंट पार्क में पिकनिक का आयोजन



19 दिसंबर, 2024 को लेडीज़ वेलफेयर एसोसिएशन 'तेजस्विनी', ऋषिकेश की सदस्याओं द्वारा एक दिवसीय आउटडोर ऐक्टिविटी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एसोसिएशन की सभी सदस्याओं ने मुख्य संरक्षक, श्रीमती चंचल विश्नोई की उपस्थिति में क्रिस्टल वर्ल्ड का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने 5-डी शो और 3-डी पेंटिंग्स के संग्रहालय और मशहूर हस्तियों की सिलिकॉन प्रतिमा को देखा और खूब आनंद उठाया। इस अवसर पर एसोसिएशन की सदस्याओं के लिए कई मनोरंजक गतिविधियाँ भी आयोजित की गईं जैसे नृत्य, गेम्स, संगीत आदि जिसमें सभी ने उत्साहपूर्वक साथ भाग लिया।

## तरंगिनी ऑफिसर्स महिला क्लब, टिहरी द्वारा बाल दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन

तरंगिनी ऑफिसर्स महिला क्लब, टिहरी की सदस्याओं द्वारा प्राथमिक विद्यालय पैन्यूला, सरस्वती विद्या मन्दिर, कोटी में बाल दिवस का आयोजन किया गया | इस अवसर पर क्लब की अध्यक्षा, श्रीमती विजया जोशी ने सभी छात्र-छात्राओं को सम्बोधित किया | क्लब की सदस्याओं द्वारा बच्चों को उत्साहपूर्वक खेल भी खिलाए गए तथा सभी बच्चों के बीच कपड़ों तथा खाद्य सामग्री का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर क्लब की अध्यक्षा श्रीमती विजया जोशी, उपाध्यक्षा श्रीमती विभा सिंह, महासचिव श्रीमती अमृता पंवार, श्रीमती सस्मिता शाहू, एवं अन्य अध्यापक-अध्यापिकाएं, स्कूल स्टाफ तथा बच्चे उपस्थित रहे।



## THDC India Limited organized an Awareness Session on Gender Sensitization and POSH Act




A half-day workshop on Gender Sensitization & Overview of POSH Act 2013 was conducted for employees upto E-5 level posted in Rishikesh on 13 December, 2024. The target group comprised of a mix of male and female participants.

The program was facilitated by the Presiding Officer and Secretary of Internal Committee. A total number of 43 participants attended the workshop and appreciated the relevance of the same.

## 02-Day program on Record Management System

A 02-day program on Record Management System was conducted through National Archives of India, Delhi on 16th December & 17th December 2024 at Takshshila Sustainable Livelihood & Community Centre, HRD Campus, Rishikesh. The program was attended by 54 participants across all locations of THDCIL & was well appreciated by them.







# भावभीनी विदाई एवं सुखद भविष्य की शुभकामनाएं



श्री आर. एस. तोमर
अपर महाप्रबंधक (मा. सं. विभाग), कौशांबी
सेवानिवृत्ति: 31-12-2024



श्री विनय कुमार जैन
अपर महाप्रबंधक
ट्रेडको राजस्थान लि., जयपुर
सेवानिवृत्ति: 31-12-2024



श्री कैलाश चंद्र उनियाल
उप महाप्रबंधक (भू-विज्ञान एवं भू-तकनीकी), ऋषिकेश
सेवानिवृत्ति: 31-12-2024



श्री अरविंद गुप्ता
उप महाप्रबंधक, (सिविल-एसजी, सी एवं एमएम), खुर्जा
सेवानिवृत्ति: 31-12-2024



श्री एस.एस. पटवाल
प्रबंधक (रेलवे साइडिंग)
खुर्जा
सेवानिवृत्ति: 31-12-2024



श्री यू. एस. नेगी
प्रबंधक (वित्त एवं लेखा), टिहरी
सेवानिवृत्ति: 31-12-2024



श्री दुर्गा दास मंडल
उप प्रबंधक (पैरामेडिकल), पीपलकोटी
सेवानिवृत्ति: 31-12-2024



श्रीमती दीपा नेगी
कनिष्ठ कार्यपालक (नर्सिंग)
कोटेश्वार
सेवानिवृत्ति: 31-12-2024



श्री घनश्याम गुरुंग
वरिष्ठ कुक (निदेशक कार्मिक सचिवालय), ऋषिकेश
सेवानिवृत्ति: 31-12-2024

Designed In-House by Corporate Communication Department, Rishikesh

टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड
THDC INDIA LIMITED

डॉ. ए. एन. त्रिपाठी, महाप्रबंधक ( मानव संसाधन व जनसम्पर्क) द्वारा टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड के लिए गंगा भवन, प्रगतिपुरम, बाईपास रोड़, ऋषिकेश- 249201 (उत्तराखंड) से प्रकाशित
फोन: 0135-2473504, वेबसाइट: www. thdc. co.in, ईमेल: prthdcil@gmail.com & hj.thdc@gmail.com
गृह पत्रिका/न्यूज लेटर में प्रकाशित लेखों/रचनाओं में व्यक्त किए गए विचार लेखकों के अपने हैं और उनसे टीएचडीसीआईएल प्रबंधन का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
(निशुल्क आंतरिक वितरण के लिए)